प्रेस विज्ञप्ति

कैटलिस्ट कॉलेज में मनाई गई 'फेयरवेल पार्टी'

सत्र 2018-21 सत्र के छात्रों को दी गयी भाव-भीनी विदाई

फाइनल ईयर में छात्रों को मिले प्लेसमेंट ने किया आनंद दुगुना

विजयम एजुकेशनल ट्रस्ट के सिमेज समूह के अंतर्गत संचालित 'कैटलिस्ट कॉलेज' द्वारा सत्र 2018-21 के छात्रों के सत्र समाप्ति के अवसर पर कॉलेज द्वारा छात्रों के लिए एक 'फेयरवेल पार्टी' का आयोजन किया गया | इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक ने कहा कि छात्रों ने अपनी उपलब्धियों से कॉलेज को गौरवान्वित किया है | उन्होने कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों के कोग्निजेंट, इन्फोसिस, विप्रो, टी.सी.एस., आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, बिग बास्केट, बाइजुज़ तथा अन्य कंपनियों में हुये जबर्दस्त प्लेसमेंट तथा विश्वविद्यालय परीक्षाओं में छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की | उन्होने उम्मीद जाहिर की, कि छात्र आगे भी कैटलिस्ट कॉलेज की परम्परा पर चलते हुए जिंदगी में उपलब्धियों को हासिल करेंगे | उन्होने छात्रों को मोटिवेट करते हुये कहा कि जिंदगी में सीखने का अंत कभी नहीं होता एवं उन्होने छात्रों को जीवन में 'PHD यानि पैशन, हंगर तथा डिसिप्लिन' सिद्धान्त का पालन करने हेतु प्रेरित किया | उन्होने छात्रों को सफलता मिलने तक कार्य में 'लगन से लगे रहने' का मंत्र दिया | इस अवसर पर सेंटर हेड मेधा अग्रवाल, डीन नीरज पोद्दार तथा अन्य शिक्षक भी मौजूद थे. जिन्होंने छात्रों को उज्जवल भविष्य की बधाई दी |

इस अवसर पर छात्रों ने भी कॉलेज में बिताये गए अपने पलों तथा संस्मरणों को साझा किया | बी.सी.ए. के छात्र शुभम ने बताया कि 'कॉलेज द्वारा प्रैक्टिकल एक्सपोज़र बेस्ड पढ़ाई की बजह से आई.टी. जैसे तकनीकी विषयों को समझने में काफी आसानी हुई |' वहीं कुणाल कुमार ने कहा कि 'कॉलेज द्वारा समय-समय पर आयोजित विभिन्न प्रकार के तकनीकी विषयों जैसे रोबोटिक्स, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, आई.ओ.टी. इत्यादि पर आयोजित किए गए वर्कशॉप्स ने भी हमें अपडेटेड रहने मे काफी मदद की |'

वहीँ प्रबंधन की छात्रा निकिता ने बताया कि 'कॉलेज द्वारा आयोजित कराई गई रेग्युलर क्लासेज तथा 'लर्निंग बाई डूइंग' ट्रेनिंग की वजह से हमें मौजूदा ज़रूरतों के हिसाब से खुद को ग्रूम करने में मदद की |' वहीं छात्रा सुरुचि कुमारी ने बताया कि 'प्रबंधन के छात्रों के लिए विभिन्न विषयों जैसे टैक्सेशन, जी.एस.टी., स्टॉक एक्सचेंज इत्यादि पर आयोजित वर्कशॉप्स तथा सेमिनारों के माध्यम से हमें काफी अच्छा एक्सपोजर मिला एवं हमने अपने प्रैक्टिकल ज्ञान को काफी बढ़ाया |' इस अवसर पर कॉलेज छात्रों के मध्य विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका छात्रों नें जमकर लुत्फ उठाया | कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया | इस अवसर पर छात्र सौरभ, आकाश, विकास कुमार, मो० कामरान, सुरभि, अंकिता, विशाल, विकास, विवेक, अविनाश, शंकर यादव, विवेक कुमार तथा सुरुचि कुमारी व अन्य छात्रों ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त की |